SET-4

Series S7PQR

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **40/7**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **35** हैं।* [ ]
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*
- *Please check that this question paper contains 35 printed pages.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- *Please check that this question paper contains 40 questions.*
- *Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.*
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

विधिक अध्ययन
LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न-पत्र के **4** खण्ड हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

   1.1 ***खण्ड – क – 20*** *अंकों के* ***20*** *बहुवैकल्पिक प्रश्न हैं।*

   1.2 ***खण्ड – ख*** *– प्रत्येक* ***2*** *अंकों वाले* ***8*** *लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं।*

   1.3 ***खण्ड – ग*** *– प्रत्येक* ***3*** *अंकों वाले* ***8*** *प्रश्न हैं।*

   1.4 ***खण्ड – घ*** *– प्रत्येक* ***5*** *अंकों वाले* ***4*** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं।*

2. प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। हालाँकि समग्र विकल्प नहीं है।

खण्ड – क

1. संसद के एक सदन में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रमाणित दुर्व्यवहार के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को हटाने की माँग की गई। प्रस्ताव पर आवश्यक संख्या में सदस्यों के हस्ताक्षर होते हैं और उसे स्वीकृति मिल जाती है। जाँच के बाद, उस सदन में प्रस्ताव वांछित बहुमत से पास/पारित हो जाता है, लेकिन दूसरे सदन में उतना बहुमत प्राप्त नहीं कर पाता।

इस स्थिति में क्या परिणाम होगा ? *1*

(A) न्यायाधीश को उनके पद से हटा दिया जाएगा क्योंकि एक सदन ने प्रस्ताव पारित कर दिया है।

(B) न्यायाधीश को निलंबित कर दिया जाएगा, लेकिन उनके पद से हटाया नहीं जाएगा।

(C) न्यायाधीश को हटाया नहीं जाएगा क्योंकि दोनों सदनों को आवश्यक बहुमत से प्रस्ताव पारित करना होगा।

(D) राष्ट्रपति किसी एक सदन की अनुशंसा के आधार पर न्यायाधीश को हटा सकते हैं।

General Instructions :

1. The Question Paper contains **4** sections – **A, B, C** and **D.**

   1.1 ***Section – A*** *contains* ***20*** *Multiple Choice Questions for* ***20*** *marks.*

   1.2 ***Section – B*** *contains* ***8*** *Short Answer Type Questions of* ***2*** *marks each.*

   1.3 ***Section – C*** *contains* ***8*** *questions of* ***3*** *marks each.*

   1.4 ***Section – D*** *contains* ***4*** *Long Answer Type Questions of* ***5*** *marks each.*

2. Internal choice is given in the paper. There is no overall choice.

SECTION – A

1. A motion is introduced in one House of Parliament seeking the removal of a Supreme Court judge on grounds of proved misbehavior. The motion is signed by the required number of members and is admitted. After investigation, the motion is passed in that House with the required majority but fails to secure the same majority in the other House.

What will be the outcome in this situation ? *1*

(A) The judge will be removed as one House has passed the motion.

(B) The judge will be suspended, but not removed.

(C) The judge will not be removed as both Houses must pass the motion with the required majority.

(D) The President can remove the judge based on one House's recommendation.

2. राजेश ने अपने खाते पर लगे निश्चित शुल्क के बारे में अपने बैंक से शिकायत की। जब मामला नहीं सुलझा, तो उन्होंने बैंक के विरुद्ध ऐसी शिकायतों से निपटने के लिए बनाए गए न्यायालय से संपर्क किया।

राजेश द्वारा संपर्क किए गए न्यायालय की सबसे अच्छी पहचान इस रूप में की जा सकती है : *1*

(A) दीवानी अदालत

(B) उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग

(C) एक लोकपाल

(D) न्यायाधिकरण

3. राज्य लोक निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर ठेके देने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। आंतरिक शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। एक प्रभावित ठेकेदार एक राज्य स्तर पर स्थापित स्वतंत्र प्राधिकरण में शिकायत करता है ताकि सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच की जा सके और कार्रवाई की सिफारिश की जा सके।

उपर्युक्त संदर्भित संस्था है : *1*

(A) लोकायुक्त

(B) राज्य सतर्कता आयोग

(C) राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण

(D) उच्च न्यायालय

4. एक पुलिस अधिकारी एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थल पर इस शक के आधार पर रोकता है कि उस व्यक्ति के पास हाल ही में हुए किसी अपराध के बारे में जानकारी हो सकती है। उस व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाने ले जाया जाता है, लेकिन औपचारिक रूप से उस पर किसी अपराध का आरोप नहीं लगाया जाता।

निम्नलिखित में से कौन-सा इस स्थिति को सबसे अच्छी तरह वर्णित करता है ? *1*

(A) यह गिरफ़्तारी है क्योंकि व्यक्ति को थाने ले जाया गया।

(B) यह हिरासत है क्योंकि व्यक्ति पर बिना आपराधिक आरोप के केवल पूछताछ की जा रही है।

(C) यह गिरफ़्तारी है क्योंकि किसी व्यक्ति को आरोपी मानने के लिए यथोचित शक ही काफ़ी है।

(D) यह हिरासत है क्योंकि पुलिस के साथ हर बातचीत हिरासत है।

2. Rajesh complained to his bank about certain charges on his account. When the issue remained unresolved, he approached a forum established to deal with such complaints against banks.

The forum approached by Rajesh is best identified as : *1*

(A) A civil court

(B) A consumer dispute redressal commission

(C) An ombudsman

(D) A tribunal

3. A senior officer in the State Public Works Department is accused of accepting bribes for awarding contracts. Despite internal complaints, no action is taken. An affected contractor files a complaint before an independent authority established at the state level to inquire into allegations of corruption against public officials and recommend action.

The authority referred to above is : *1*

(A) Lokayukta

(B) State Vigilance Commission

(C) State Administrative Tribunal

(D) High Court

4. A police officer stops a person in a public place on the basis of reasonable suspicion that the person may have information about a recently committed offence. The person is taken to the police station for questioning but is not formally charged with any crime.

Which of the following best describes this situation ? *1*

(A) It is an arrest because the person has been taken to the police station.

(B) It is detention because the person is only being questioned without being charged with a crime.

(C) It is an arrest because reasonable suspicion is enough to treat a person as an accused.

(D) It is detention because every interaction with the police amounts to detention.

5. नेहा और अर्जुन एक अनुबंध संबंधी (संविदात्मक) विवाद में लिप्त हैं। वे एक तटस्थ तीसरे व्यक्ति से संपर्क करते हैं, जो न केवल चर्चा में सहायता करता है, बल्कि विवाद को सुलझाने के लिए संभावित समाधान भी सुझाता है। अन्ततः दोनों पक्ष एक समझौते पर पहुँच जाते हैं।

उपर्युक्त मामले में तटस्थ तीसरे व्यक्ति द्वारा निभाई गई भूमिका को सबसे अच्छी तरह इस प्रकार व्याख्यायित किया जा सकता है : *1*

(A) केवल संप्रेषण को सुविधाजनक बनाने वाले मध्यस्थ के रूप में कार्य करना

(B) विवाद को सुलझाने के लिए समाधानों को सुझाकर सुलहकर्ता के रूप में कार्य करना

(C) बाध्यकारी निर्णय लागू करके मध्यस्थ के रूप में कार्य करना

(D) कानून के आधार पर विवाद का निर्णय करने वाले न्यायाधीश के रूप में कार्य करना

6. एक व्यस्त अस्पताल में डॉ. मेहता अनेक आपातकालीन रोगियों का उपचार कर रहे हैं। थकान के कारण वह एक रोगी, रोहन को एक ग़लत दवा लिख देते हैं, जिससे उसकी दशा और बिगड़ जाती है। रोहन लापरवाही का आरोप लगाते हुए केस कर देता है। डॉ. मेहता का कहना है कि अचानक अनेक आपातकालीन रोगियों के आ जाने से उन पर काम का बोझ बहुत बढ़ गया था और उन्होंने जान-बूझकर किसी को नुकसान नहीं पहुँचाया।

उपर्युक्त स्थिति में, डॉ. मेहता के उत्तरदायित्व की कानूनी स्थिति को, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक अच्छी तरह से वर्णित करता है ? *1*

(A) डॉ. मेहता उत्तरदायी नहीं हैं क्योंकि उनका नुकसान पहुँचाने का कोई इरादा नहीं था।

(B) डॉ. मेहता उत्तरदायी हैं क्योंकि लापरवाही देखभाल के कर्तव्य की अवहेलना पर निर्भर करती है, जिससे नुकसान पहुँचता है।

(C) डॉ. मेहता केवल तभी उत्तरदायी हैं, यदि रोहन आपराधिक इरादा साबित कर दे।

(D) डॉ. मेहता उत्तरदायी नहीं हैं क्योंकि अस्पतालों को अपकृत्य दायित्व से छूट दी गई है।

5. Neha and Arjun are involved in a contractual dispute. They approach a neutral third person who not only facilitates discussion but also actively suggests possible solutions to resolve the dispute. The parties eventually reach a settlement.

The role performed by the neutral third person in the above case is best described as : *1*

(A) Acting as a mediator facilitating communication only

(B) Acting as a conciliator by suggesting solutions to resolve the dispute

(C) Acting as an arbitrator by imposing a binding decision

(D) Acting as a judge deciding the dispute based on law

6. In a busy hospital, Dr. Mehta is treating several emergency patients. Due to fatigue, he prescribes the wrong medication to a patient, Rohan, which worsens his condition. Rohan files a suit alleging negligence. Dr. Mehta argues that he was overworked due to a sudden influx of emergency cases and did not intentionally cause harm.

In the above situation, which of the following best reflects the legal position regarding the liability of Dr. Mehta ? *1*

(A) Dr. Mehta is not liable because there was no intention to cause harm.

(B) Dr. Mehta is liable because negligence depends on breach of duty of care causing damage.

(C) Dr. Mehta is liable only if Rohan proves criminal intention.

(D) Dr. Mehta is not liable because hospitals are exempt from tort liability.

7. अनन्या ने एक नया पर्यावरण-अनुकूल कीटनाशक बनाया है, जो फ़सल की पैदावार बढ़ाता है और मिट्टी को होने वाले नुकसान को कम करता है। वह किसी कानूनी सुरक्षा के लिए आवेदन करने से पूर्व ही एक शोध पत्रिका में इस फ़ॉर्मूले का खुलासा कर देती है। बाद में, एक कंपनी उसके फ़ॉर्मूले की नकल कर इसका व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देती है। अनन्या अपने आविष्कार पर विशेष अधिकार का दावा करते हुए संबंधित संस्था से संपर्क करती है।

अनन्या के पेटेंट संरक्षण के दावे के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी कानूनी स्थिति सबसे उपयुक्त है ? *1*

(A) वह संरक्षण का दावा नहीं कर सकती क्योंकि पेटेंट केवल कलात्मक कार्यों पर लागू होते हैं।

(B) वह पेटेंट अधिकारों का दावा कर सकती है क्योंकि आविष्कार उपयोगी और वैज्ञानिक है।

(C) वह पेटेंट अधिकारों का दावा कर सकती है क्योंकि प्रकाशन स्वामित्व के दावे को मज़बूत करता है।

(D) वह पेटेंट अधिकारों का दावा नहीं कर सकती क्योंकि पूर्व-सार्वजनिक प्रकटीकरण नवीनता को समाप्त कर देता है।

8. एक कारखाने में उपकरणों के रख-रखाव में लापरवाही की वजह से ज़हरीला धुआँ निकलता है। इससे आस-पास के निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ होती हैं और संपत्ति को नुकसान पहुँचता है। निवासी नुकसान की भरपाई के लिए मुआवज़े की माँग करते हुए दीवानी मुकदमा दायर करते हैं। कानून ऐसे नुकसान के लिए पहले से कोई निश्चित रकम तय नहीं करता है।

इस मामले में अपकृत्य कानून के तहत किस प्रकार का हर्जाना दिया जा सकता है ? *1*

(A) निर्धारित क्षतिपूर्ति, क्योंकि रकम कानून द्वारा पहले से तय होती है

(B) अनिर्धारित क्षतिपूर्ति, क्योंकि मुआवज़ा नुकसान की सीमा के आधार पर न्यायालय द्वारा तय किया जाता है

(C) दंडात्मक क्षतिपूर्ति, क्योंकि इसका उद्देश्य लापरवाही के लिए कारखाने को दंड देना है

(D) दंडात्मक (अनुकरणीय) क्षतिपूर्ति, क्योंकि सभी पर्यावरणीय अपकृत्यों के लिए दंड-आधारित नुकसान की आवश्यकता होती है

9. भौगोलिक संकेत (जीआई), बौद्धिक संपदा का एक रूप है, जो प्रदान किया जाता है : *1*

(A) औद्योगिक अनुप्रयोग के साथ नए आविष्कारों को

(B) कलात्मक और साहित्यिक कृतियों को

(C) उत्पत्ति के स्थान के कारण विशेष गुणों वाली वस्तुओं को

(D) व्यापार में प्रयोग होने वाले कंपनी के नाम और प्रतीक चिह्नों (लोगो) को

7. Ananya develops a new eco-friendly pesticide formulation that increases crop yield and reduces soil damage. She discloses the formula in a research journal before applying for any legal protection. Later, a company copies her formulation and starts commercial production. Ananya approaches the authorities claiming exclusive rights over her invention.

Which of the following is the most appropriate legal position regarding Ananya's claim for patent protection ? *1*

(A) She cannot claim protection because patents are applicable only to artistic works.

(B) She can claim patent rights because the invention is useful and scientific.

(C) She can claim patent rights because publication strengthens ownership.

(D) She cannot claim patent rights because prior public disclosure destroys novelty.

8. A factory releases toxic smoke due to negligence in maintaining its equipment. Nearby residents suffer health issues and property damage. The residents file a civil suit seeking compensation for the harm caused. The law does not specify any fixed amount for such harm in advance.

What is the nature of damages likely to be awarded in this case under tort law ? *1*

(A) Liquidated damages because the amount is pre-decided by law

(B) Unliquidated damages, because compensation is determined by the court based on the extent of harm suffered

(C) Punitive damages, because the purpose is to punish the factory for negligence

(D) Exemplary damages, because all environmental torts require punishment-based damages

9. Geographical Indication (GI) is a form of Intellectual Property that is granted to : *1*

(A) New inventions with industrial application

(B) Artistic and literary works

(C) Goods having special qualities due to their place of origin

(D) Company names and logos used in trade

10. विक्रम और अर्जुन के बीच एक दुकान के किराया अनुबंध को लेकर न्यायालय में विवाद चल रहा है। विक्रम का दावा है कि अर्जुन ने कई महीनों से किराया नहीं दिया है। इस मामले के लंबित रहने के दौरान अर्जुन दुकान नेहा को बेच देता है। विक्रम का कहना है कि लंबित मुकदमे के सिद्धांत के तहत नेहा न्यायालय के निर्णय को मानने के लिए बाध्य होगी। हालाँकि, नेहा का कहना है कि इस मुकदमे का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

इस मामले में लंबित मुकदमे के सिद्धांत के आवेदन के लिए कौन-सी आवश्यक शर्त पूरी ***नहीं*** होती है ? *1*

(A) अचल संपत्ति से संबंधित मुकदमा लंबित है

(B) संपत्ति को मुकदमे के दौरान स्थानांतरित किया गया है, जो एक पक्ष के संपत्ति अधिकारों को प्रभावित कर सकता है

(C) विवाद में अचल संपत्ति पर अधिकार का कोई प्रश्न शामिल नहीं है

(D) न्यायालय की अनुमति के बिना स्थानांतरण किया गया है

11. *अभिकथन (A) :* प्रतिलिप्याधिकार संरक्षण किसी कृति को तब दिया जाता है, जब वह मौलिक हो, किसी मान्यता प्राप्त श्रेणी में आती हो और मूर्त रूप में स्थिर हो।

कारण (R) : कोई कृति प्रतिलिप्याधिकार से तभी सुरक्षित होती है, जब वह मौलिक हो और मूर्त रूप में मौजूद हो। *1*

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

12. 1992 में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन _____ नाम से भी जाना जाता है। *1*

(A) क्योटो प्रोटोकॉल

(B) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन (UNCED)

(C) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

(D) पेरिस जलवायु समझौता

10. A dispute is pending in court between Vikram and Arjun regarding a lease agreement of a shop. Vikram claims that Arjun has not paid rent for several months. During the pendency of this case, Arjun sells the shop to Neha. Vikram argues that Neha will be bound by the court's decision under the doctrine of lis pendens. Neha, however, argues that she should not be affected by the case.

Which essential condition for the application of the doctrine of lis pendens is ***not*** satisfied in this case ? *1*

(A) A suit involving immovable property is pending

(B) The property has been transferred during litigation that may affect the rights of one party

(C) The dispute does not involve any question of right to the immovable property

(D) The transfer is made without court permission

11. *Assertion (A) :* Copyright protection is granted to a work when it is original, falls within a recognised category, and is fixed in a tangible form.

Reason (R) : A work is protected by copyright only when it is original and exists in a tangible form. *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

12. The Earth Summit held in 1992 is also known as : *1*

(A) Kyoto Protocol

(B) United Nations Conference on Environment and Development (UNCED)

(C) Montreal Protocol

(D) Paris Climate Agreement

13. संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास के 2030 एजेंडा के अंतर्गत कितने सतत विकास लक्ष्य अपनाए ? *1*

(A) 8

(B) 12

(C) 17

(D) 21

14. सात सदस्यों के साथ एक व्यावसायिक इकाई का गठन किया गया। इसके आंतरिक प्रशासनिक प्रलेख में शेयरों के स्वतंत्र हस्तांतरण की अनुमति दी गई। यह एक विवरण पुस्तिका जारी करके जनता को अपने शेयर खरीदने के लिए भी आमंत्रित करता है।

इस व्यावसायिक इकाई के स्वरूप की पहचान कीजिए। *1*

(A) निजी कंपनी

(B) सार्वजनिक कंपनी

(C) साझेदारी फर्म

(D) एकल स्वामित्व

15. *अभिकथन (A) :* मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा सदस्य देशों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है।

कारण (R) : यह संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया घोषणापत्र है, न कि कोई संधि। *1*

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

13. How many Sustainable Development Goals (SDGs) were adopted by the United Nations under the 2030 Agenda for Sustainable Development ? *1*

(A) 8

(B) 12

(C) 17

(D) 21

14. A business entity is formed with seven members. Its document for internal administration allows free transfer of shares. It also invites the public to subscribe to its shares by issuing a prospectus.
Identify the form of business entity. *1*

(A) Private Company

(B) Public Company

(C) Partnership Firm

(D) Sole Proprietorship

15. *Assertion (A) :* The Universal Declaration of Human Rights is not legally binding on member states.

Reason (R) : It is a declaration adopted by the United Nations General Assembly, and not a treaty. *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

16. एक सार्वजनिक पुस्तकालय ने एक नियम बनाया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सदस्यता दी जाएगी, जबकि अन्य लोगों को मामूली शुल्क देना होगा। प्रयोगकर्ताओं के एक समूह ने इस नियम को चुनौती देते हुए कहा कि यह समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत सही कानूनी स्थिति को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है ? *1*

(A) यह नियम वैध है क्योंकि यह साठ वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों पर समान रूप से लागू होता है।

(B) यह नियम वैध है क्योंकि व्यवहार में यह अंतर एक उचित आधार पर आधारित है तथा एक वैध उद्देश्य को पूर्ण करता है।

(C) यह नियम अवैध/अमान्य है क्योंकि समानता के लिए सभी व्यक्तियों के साथ एक जैसा व्यवहार आवश्यक है।

(D) यह नियम अवैध/अमान्य है क्योंकि आयु वर्गों के बीच कोई भी अंतर करना भेदभावपूर्ण है।

17. रवि के पास कृषि-योग्य भूमि का एक टुकड़ा है जिस पर गन्ने की फ़सल उग रही है। रवि, मोहन से केवल गन्ने की खड़ी फसल बेचने का अनुबंध करता है, जिसकी कटाई वह दो महीने बाद करेगा। इसके अलावा, रवि उसी भूमि पर खड़े सागौन के एक पेड़ को इमारती लकड़ी के रूप में प्रयोग हेतु काटने व हटाने के लिए सुरेश को बेच देता है। संपत्ति की प्रकृति को लेकर एक विवाद खड़ा हो जाता है।

उपर्युक्त वर्णित लेन-देन में शामिल संपत्ति का सही विधिक वर्गीकरण पहचानिए। *1*

(A) गन्ना और सागौन दोनों अचल संपत्तियाँ हैं।

(B) गन्ना एक अचल संपत्ति है और सागौन का पेड़ एक चल संपत्ति है।

(C) गन्ना एक चल संपत्ति है और काटे जाने तक सागौन का पेड़ अचल संपत्ति है।

(D) गन्ना और सागौन का पेड़, दोनों चल संपत्तियाँ हैं।

18. भारत के सर्वोच्च न्यायालय में रिकॉर्ड पर मौजूद अधिवक्ताओं (AOR) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(A) चार वर्ष वकालत करने वाला कोई भी अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय में वकालतनामा दे सकता है।

(B) केवल रिकॉर्ड पर मौजूद अधिवक्ता (AOR) ही मुवक्किल की ओर से भारत के सर्वोच्च न्यायालय में वकालतनामा दे सकता है।

(C) भारत के सभी उच्च न्यायालय रिकॉर्ड पर मौजूद अधिवक्ताओं को लेकर एक जैसी व्यवस्था का पालन करते हैं।

(D) कोई भी अधिवक्ता किसी वरिष्ठ अधिवक्ता के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा करने के तुरंत बाद इस प्रकार रिकॉर्ड पर मौजूद अधिवक्ता बन जाता है।

16. A public library introduces a rule that senior citizens above the age of 60 years will be given free membership, while others are required to pay a nominal fee. A group of library users challenge the rule, claiming it violates their right to equality.

Which of the following best reflects the correct legal position under Article 14 of the Constitution of India ? *1*

(A) The rule is valid because it applies uniformly to all persons above the age of 60 years.

(B) The rule is valid because the difference in treatment is based on a reasonable basis and serves a legitimate purpose.

(C) The rule is invalid because equality requires identical treatment of all persons.

(D) The rule is invalid because any distinction between age groups is discriminatory.

17. Ravi owns a piece of agricultural land where sugarcane crop is growing. He enters into an agreement to sell only the standing sugarcane to Mohan, who will harvest it after two months. Separately, Ravi also sells a teak tree standing on the same land to Suresh for cutting and removal as timber. A dispute arises regarding the nature of property involved.

Identify the correct legal classification of the property involved in the above transactions. *1*

(A) Both the sugarcane and the teak tree are immovable properties.

(B) Sugarcane is an immovable property and the teak tree is a movable property.

(C) Sugarcane is a movable property and the teak tree is an immovable property until cut.

(D) Both sugarcane and the teak tree are movable properties.

18. With reference to Advocates-on-Record (AOR) in the Supreme Court of India, which of the following statements is correct ? *1*

(A) Any advocate with 4 years of practice can file a vakalatnama in the Supreme Court.

(B) Only an Advocate-on-Record can file a vakalatnama on behalf of a client, in the Supreme Court of India.

(C) All High courts in India follow a similar system of Advocates-on-Record.

(D) An advocate becomes an AOR immediately after completing training under a Senior Advocate.

19. अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत राज्य विधिज्ञ परिषद के संयोजन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अटॉर्नी जनरल राज्य विधिज्ञ परिषद के एक पदेन सदस्य हैं।

II. राज्य विधिज्ञ परिषद में कम-से-कम 15 तथा अधिकतम 25 निर्वाचित सदस्य होते हैं।

III. निर्वाचित सदस्य पाँच वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करते हैं।

IV. भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा नामित तीन सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद में होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ? *1*

(A) केवल I, II और III

(B) केवल I, III और IV

(C) केवल II और III

(D) I, II, III और IV

20. रोहन, एक नव पंजीकृत अधिवक्ता, एक सोशल मीडिया पेज बनाता है जहाँ वह नियमित रूप से मुवक्किलों की विजय-गाथाएँ पोस्ट करता है, "100% सफलता दर" बताता है और तलाक व आपराधिक बचाव सेवाएँ चाहने वालों को ध्यान में रखते हुए सशुल्क विज्ञापन दिखाता है। वह ऐसे संक्षिप्त वीडियो भी डालता है, जहाँ वह अपने काम की तुलना अन्य वकीलों से करता है और स्वयं को "शहर का सबसे अच्छा आपराधिक वकील" बताता है। भारतीय विधिज्ञ परिषद के समक्ष व्यावसायिक कदाचार का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की गई है।

नीचे दिए गए कथनों में से, दिए गए परिदृश्य में सबसे सटीक कथन की पहचान कीजिए। *1*

(A) रोहन के काम जायज़ हैं क्योंकि आभासी माध्यम (डिजिटल प्लेटफॉर्म) कार्यक्षेत्र में पदोन्नति की स्वतंत्रता देते हैं।

(B) भारत में अधिवक्ताओं को सीमित विज्ञापन की अनुमति है, लेकिन लोभ और तुलनात्मक दावे दुराचरण माने जाते हैं।

(C) वेबसाइट पर मूल व्यावसायिक जानकारी सहित विज्ञापन पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

(D) केवल सशुल्क विज्ञापन निषिद्ध हैं, नि:शुल्क सोशल मीडिया पोस्ट्स पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

19. Consider the following statements regarding the composition of a State Bar Council under the Advocates Act, 1961 :

I. The Attorney General is an ex-officio member of the State Bar Council.

II. The State Bar Council has not less than 15 and not more than 25 elected members.

III. The elected members hold office for a period of five years.

IV. Three members nominated by the Bar Council of India are part of the State Bar Council.

Which of the above statements are correct ? *1*

(A) I, II and III only

(B) I, III and IV only

(C) II and III only

(D) I, II, III and IV

20. Rohan, a newly enrolled advocate, creates a social media page where he regularly posts client success stories, highlights "100% success rate," and runs paid ads targeting people seeking divorce and criminal defence services. He also uploads short videos comparing his services with other lawyers, claiming to be "the best criminal lawyer in the city". A complaint is filed before the Bar Council of India alleging professional misconduct.

From the statements given below, identify the most accurate statement in the given scenario. *1*

(A) Rohan's actions are permissible as digital platforms allow freedom of professional promotion.

(B) Advocates in India are allowed limited advertising, but solicitation and comparative claims amount to misconduct.

(C) Advertising is completely banned, including basic professional information on websites.

(D) Only paid advertisements are prohibited, organic social media posts are allowed without restrictions.

खण्ड – ख

21. (क) देश X का एक नागरिक देश Y में नरसंहार करता है। न तो देश X और न ही देश Y अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को स्वीकार करते हैं। क्या अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय उस व्यक्ति पर मुकदमा चला सकता है ? एक कारण बताइए। *2*

अथवा

(ख) स्पष्ट कीजिए कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का अधिकार क्षेत्र घरेलू आपराधिक न्यायालयों की तुलना में अधिक सीमित क्यों माना जाता है। *2*

22.

5वीं मंज़िल, चंद्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ, नई दिल्ली – 110001
दूरभाष : 011–23478200
फैक्स : 011–23724026
शिकायत के लिए : www.ebaalnidan.nic.in

मीरा ने देखा कि उसके क्षेत्र में बच्चों से संबंधित कुछ योजनाओं का ठीक से कार्यान्वयन नहीं हो रहा था। उसने उपर्युक्त वर्णित पोर्टल के माध्यम से शिकायत करने का निर्णय किया और उपर्युक्त पते पर लिखित शिकायत देने का भी निश्चय किया।

शिकायत मिलने पर संबंधित प्राधिकरण ने इस पर ध्यान दिया और संबंधित विभाग से प्रतिवेदन माँगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यक सुधारात्मक उपाय उठाए गए थे।

(क) मीरा द्वारा संपर्क किए गए वैधानिक निकाय की पहचान कीजिए। *1*

(ख) इस निकाय की एक शक्ति और एक कार्य बताइए। *1*

दृष्टिबाधित छात्रों के लिए :

'मानवाधिकारों' और 'मौलिक अधिकारों' में अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

SECTION – B

21. (a) A national of Country X commits genocide in Country Y. Neither Country X nor Country Y accepts the jurisdiction of the International Criminal Court. Can the ICC prosecute the individual ? Give a reason. *2*

OR

(b) Explain why the jurisdiction of the International Criminal Court is considered more restricted than that of domestic criminal courts. *2*

22.

5th Floor, Chanderlok Building, 36 Janpath, New Delhi – 110001 Phone : 011–23478200 Fax : 011–23724026 For Complaint : www.ebaalnidan.nic.in

Meera observed that certain child-related schemes in her locality were not being properly implemented and decided to file a complaint through the portal mentioned above and to also file a written complaint at the above-mentioned address.

Upon receiving the complaint, the authority took cognisance and called for a report from the concerned department to ensure that necessary corrective measures were taken.

(a) Identify the statutory body approached by Meera. *1*

(b) State one power and one function of this body. *1*

For visually impaired students :

Differentiate between 'Human rights' and 'Fundamental rights.' *2*

23. (क) रिया और कबीर ने मिलकर एक छोटा-सा वस्त्रालय खोला और एक साधारण समझौते पर हस्ताक्षर किए कि वे लाभ को बराबर मिलकर बाँटेंगे और मिलकर व्यवसाय चलाएँगे। उन्होंने अपने वस्त्रालय को किसी विशेष कानून के अंतर्गत पंजीकृत नहीं कराया। कुछ महीनों बाद, फ़ैशन उद्योग में बढ़ते जोख़िम के कारण उन्हें अपनी निजी परिसंपत्ति के व्यावसायिक नुकसान को लेकर असुरक्षित महसूस होता है।

इसी बीच, उनके दोस्त आकाश और सिमरन एक विधिक परामर्शदात्री फ़र्म शुरू करते हैं और उसे एक विशेष कानून के अंतर्गत पंजीकृत कराते हैं, जिससे वे अपना व्यवसाय चला सकें और यह सुनिश्चित कर सकें कि उनकी निजी परिसंपत्ति व्यावसायिक देनदारियों से सुरक्षित रहे। उन्होंने यह भी देखा कि उनकी फ़र्म की एक अलग कानूनी पहचान है।

उपर्युक्त स्थितियों में व्यावसायिक संगठन के दो रूपों की पहचान कीजिए और उनके बीच एक मूल अंतर बताइए। *2*

अथवा

(ख) एक व्यक्ति बैंक के सुरक्षा इंतज़ामों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करता है और लूटपाट करने के उद्देश्य से प्रवेश निकास बिंदुओं व गार्ड के आने-जाने के समय के बारे में जानकारी एकत्रित करता है। हालाँकि, इससे पूर्व कि वह कुछ कर पाता, पुलिस द्वारा उसे गिरफ़्तार कर लिया गया।

(i) वह व्यक्ति अपराध के किस चरण तक पहुँच गया है, पहचानिए। *1*

(ii) स्पष्ट कीजिए कि क्या यह चरण आपराधिक कानून के अंतर्गत दंडनीय है। *1*

24. रोहन और मीरा में एक व्यावसायिक विवाद चल रहा है। वे पहले किसी तीसरे तटस्थ व्यक्ति की सहायता से इसे सुलझाने की कोशिश करते हैं, जो चर्चा में सहायता करता है, लेकिन कोई निर्णय नहीं थोपता। जब कोई समझौता नहीं होता, तो वही व्यक्ति बाद में दोनों पक्षों को सुनता है और बाध्यकारी निर्णय देता है। रोहन इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए कहता है कि, वह प्रारंभ में सभी तथ्य प्रस्तुत करने में झिझक रहा था।

उपर्युक्त मामले में प्रयुक्त प्रक्रिया की पहचान कीजिए और इससे संबंधित एक मुद्दा बताइए। *2*

23. (a) Riya and Kabir start a small boutique business by signing a simple agreement to share profits equally and manage the business jointly. They do not register their firm under any special law. After a few months, due to rising risks in the fashion industry, they feel insecure about their personal assets being exposed to business losses.

Meanwhile, their friends Aakash and Simran start a legal consultancy firm and register it under a special law that allows them to run the business while ensuring that their personal assets are protected from business liabilities. They also notice that their firm has a separate legal identity.

Identify the two forms of business organization in the above situations and explain one key difference between them. *2*

OR

(b) A person carefully studies the security arrangements of a bank and collects information about entry points and timings of guards with the intention to commit robbery. However, before he could act further, he is arrested by the police.

(i) Identify the stage of crime reached by the person. *1*

(ii) State whether this stage is punishable under criminal law. *1*

24. Rohan and Meera are involved in a business dispute. They first attempt to resolve it with the help of a neutral third person who facilitates discussion but does not impose a decision. When no agreement is reached, the same person later hears both sides and gives a binding decision. Rohan challenges the process, stating that he was hesitant to share all facts initially.

Identify the process used in the above case and state one concern associated with it. *2*

25. एक निर्माण कंपनी ने राज्य सरकार के साथ दो वर्षों के अंदर एक नदी पर पुल बनाने का अनुबंध किया। छह महीने बाद, एक विनाशकारी भूकंप ने नदी का रास्ता बदल दिया और निर्माण स्थल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया, जिससे इस परियोजना को जारी रखना असंभव हो गया। सरकार अनुबंध पूरा करने पर ज़ोर देती है, जबकि कंपनी का दावा है कि अनुबंध अब प्रभावी नहीं रहा।

(क) उपर्युक्त मामले में निहित विधिक सिद्धांत की पहचान कीजिए। *1*

(ख) निर्णय कीजिए कि क्या अनुबंध अभी भी लागू किया जा सकता है। कारण बताइए। *1*

26. (क) भारतीय न्यायपालिका की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। *2*

अथवा

(ख) कोई दो विधिक प्रावधान बताइए जो न्यायाधीशों को स्वतंत्र और निष्पक्ष होने का अधिदेश देते हैं। *2*

27. एक विधिक सेवा संस्थान ने तीन वर्षों बाद अपनी समिति का पुनर्गठन किया। इस प्रक्रिया के दौरान, लंबित विधिक सहायता के मामले देख रहे, समिति के एक अधिवक्ता को हटा दिया गया, जिससे इन मामलों में दिक्कतें आ गईं। वहीं दूसरी ओर एक अन्य समिति अधिवक्ता एक मामले को बीच में ही छोड़ने की अनुमति माँगता है।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत समिति अधिवक्ताओं को संचालित करने वाले नियमों के आलोक में :

(क) क्या लंबित मामलों के दौरान पहले अधिवक्ता को हटाया जाना उचित था ? *1*

(ख) क्या दूसरा अधिवक्ता मामलों को बीच में छोड़ सकता है ? स्थिति स्पष्ट कीजिए। *1*

28. (क) स्पष्ट कीजिए कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 133 के तहत दीवानी मामलों में सर्वोच्च न्यायालय में किन शर्तों के तहत अपील की जा सकती है। *2*

अथवा

(ख) द्वितीय न्यायाधीश मामले ने न्यायिक नियुक्तियों में न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति-संतुलन को किस प्रकार बदला ? *2*

25. A construction company enters into a contract with the State Government to build a bridge over a river within two years. After six months, a severe earthquake changes the course of the river and completely destroys the construction site, making the project physically impossible to continue. The Government insists on completion of the contract, while the company claims that the contract stands discharged.

(a) Identify the legal principle involved in the above case. *1*

(b) Decide whether the contract can still be enforced. Give reasons. *1*

26. (a) State the salient features of the Indian judiciary. *2*

OR

(b) State any two legal provisions that mandate a judge's independence and impartiality. *2*

27. A legal services institution reconstitutes its panel after three years. During this process, a panel lawyer handling ongoing legal aid cases is removed, leading to disruption in those cases. Separately, another panel lawyer seeks permission to withdraw from a case midway.

In light of the rules governing panel lawyers under the Legal Services Authorities Act, 1987 :

(a) Was the removal of the first lawyer during ongoing cases proper ? *1*

(b) Can the second lawyer withdraw from the case ? State the condition. *1*

28. (a) State the conditions under which an appeal lies to the Supreme Court in civil cases under Article 133 of the Constitution of India. *2*

OR

(b) How did the Second Judges Case alter the balance of power between the judiciary and the executive in judicial appointments ? *2*

खण्ड – ग

29. (क) 'अंतर्राष्ट्रीय कानून' और 'घरेलू कानून' के बीच कोई तीन अंतर बताइए। *3*

अथवा

(ख) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के अनुच्छेद 38(1) में वर्णित अंतर्राष्ट्रीय कानून के तीन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्रोतों के विषय में समझाइए। *3*

30. रवि का एक विद्युत आपूर्ति कंपनी से अत्यधिक बिल को लेकर विवाद है। न्यायालय जाने से पहले वह समाधान हेतु एक स्थायी लोक अदालत के समक्ष आवेदन देता है। प्राधिकरण, विधि सेवा प्राधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सुलह की कार्यवाही शुरू करता है।

(क) स्थायी लोक अदालतों को स्थापित करने के पीछे क्या उद्देश्य है ? *1*

(ख) पहचानिए कि क्या यह विवाद सार्वजनिक उपयोगिता सेवा के अंतर्गत आता है। कारण बताइए। *1*

(ग) सार्वजनिक उपयोगिता सेवा का एक अन्य उदाहरण बताइए। *1*

31. (क) न्यायिक व्यवस्था की प्रतिपक्षी/विरोधी प्रणाली और न्यायिक जाँच प्रणाली के कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

अथवा

(ख) लोक अदालत को विवाद सुलझाने का एक प्रभावशाली मंच क्यों माना जाता है ? कोई तीन कारण बताइए। *3*

SECTION – C

29. (a) Give any three differences between 'International law' and 'Domestic law'. *3*

OR

(b) Explain the three most important sources of international law as mentioned in Article 38(1) of International Court of Justice (ICJ). *3*

30. Ravi has a dispute with an electricity supply company regarding excessive billing. Before approaching the court, he files an application before a Permanent Lok Adalat seeking settlement. The authority initiates conciliation proceedings under the Legal Services Authorities (Amendment) Act, 2002.

(a) State the objective behind establishing Permanent Lok Adalats. *1*

(b) Identify whether the dispute falls under Public Utility Service. Give reason. *1*

(c) Name one other example of a Public Utility Service. *1*

31. (a) Give any three differences between adverserial and inquisitorial systems of judicial dispensation. *3*

OR

(b) Why is the Lok Adalat considered an effective forum for dispute resolution ? Give any three reasons. *3*

32. (क) रमेश अपनी संपत्तियों का पुनर्गठन करता है। वह प्रेम और स्नेह के कारण अपने घर का स्वामित्व अपनी बेटी को दे देता है। वह सुरेश को एक तय समय-सीमा के लिए अपनी ज़मीन के एक हिस्से का कब्ज़ा देता है, जिसके दौरान सुरेश उसे नियमित रूप से तय रकम देता है। वह अपनी पुरानी कार भी अमित को दे देता है और बदले में अमित की मोटर साइकिल ले लेता है। आखिरकार वह बीस लाख रुपये लेकर अपनी दुकान नीलम के नाम हस्तांतरित कर देता है।

संपत्ति कानून के अंतर्गत अपनी संपत्तियों का पुनर्गठन करने में रमेश द्वारा अपनाए गए, हस्तांतरण के किन्हीं तीन तरीकों की पहचान कीजिए और प्रत्येक वर्गीकरण का एक कारण भी लिखिए। *3*

अथवा

(ख) रोहित के खेत के पास अमन की रासायनिक भंडारण इकाई है। अमन ने उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले रसायनों के भंडारण हेतु एक विशाल टैंक बनाने के लिए एक ठेकेदार को काम पर रखा। अनुचित निर्माण के कारण टैंक से रिसाव होने लगता है और रसायन रोहित के खेतों में बह जाता है, जिससे उसकी फ़सल नष्ट हो जाती है और उसे भारी वित्तीय नुकसान होता है। अमन का तर्क है कि उसने एक नामी ठेकेदार को काम पर रखा था और उसने निर्माण कार्य में व्यक्तिगत रूप से कोई लापरवाही नहीं की।

रोहित नुकसान के मुआवज़े के लिए मुकदमा दायर कर देता है।

विश्लेषण कीजिए कि क्या अमन व्यक्तिगत लापरवाही न होने का दावा कर ज़िम्मेदारी से बच सकता है। इस मामले में प्रयोज्य सिद्धांत के विषय में बताते हुए अपने उत्तर की न्यायसंगत विवेचना कीजिए। *3*

33. भारत ने बाल-सुरक्षा और पुनर्वास की स्थिति सुधारने के उद्देश्य से एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को स्वीकृति दी। इसके आधार पर, एक राज्य सरकार ऐसे संस्थानों में बच्चों की बेहतर देख-भाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी करती है। हालाँकि, इस मुद्दे पर संसद द्वारा कोई विशेष कानून पारित नहीं किया गया है।

एक अन्य स्थिति में भारत एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर करता है, जो कुछ नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित कर एक विशेष आर्थिक कार्यकलाप को रोकता है। सरकार कोई कानून पारित किए बिना सीधे इस समझौते को लागू करना चाहती है।

मगनभाई पटेल बनाम भारत संघ और शीला बारसे बनाम सचिव, बाल सहायता समिति में बताए गए न्यायिक सिद्धांतों के प्रकाश में दोनों कार्रवाइयों की वैधता का विश्लेषण कीजिए। *3*

32. (a) Ramesh reorganises his assets. He transfers ownership of his house to his daughter out of love and affection. He allows Suresh to occupy a portion of his land for a fixed duration, during which Suresh regularly pays him an agreed amount. He also hands over his old car to Amit and receives Amit's motorcycle in return. Finally, he transfers his shop to Neelam after receiving ₹ 20 lakh as consideration.

Identify any three modes of transfers adopted by Ramesh in reorganising his assets under property law and give one reason for each classification. *3*

OR

(b) Aman owns a chemical storage unit adjacent to Rohit's farmland. Aman hires a contractor to build a large storage tank for chemicals used in manufacturing. Due to improper construction, the tank leaks and the chemicals flow into Rohit's fields, destroying his crops and causing heavy financial loss. Aman argues that he hired a reputed contractor and was not personally negligent in the construction work.

Rohit files a suit for compensation for the damage suffered.

Analyse whether Aman can escape liability by proving absence of personal negligence. Identify the principle applicable in this case and justify your answer. *3*

33. India ratifies an international convention aimed at improving conditions for child protection and rehabilitation. Based on this, a State Government issues administrative guidelines to ensure better care and protection of children in institutions. However, there is no specific legislation passed by Parliament on this issue.

In another situation, India signs an international agreement that restricts a particular economic activity, thereby limiting the fundamental rights of certain citizens. The government seeks to enforce this agreement directly without passing any law.

In the light of judicial principles laid down in Magan Bhai Patel v. Union of India and Sheela Barse v. Secretary Children's Aid Society, analyse the validity of both actions. *3*

34. पर्यावरणीय कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि एक बड़ी औद्योगिक इकाई लगातार पास की एक नदी में अशोधित रासायनिक कचरा डाल रही है। यह नदी कई गाँवों के लिए पीने के पानी का प्रमुख स्रोत है। याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से प्रभावित निवासी नहीं हैं, लेकिन पर्यावरण को खराब होने से रोकने व सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जनहित में काम कर रहे हैं। वे न्यायालय से प्रार्थना करते हैं कि उचित शोधन सुविधाएँ स्थापित होने तक इस औद्योगिक इकाई को तुरंत बंद करने का आदेश दिया जाए।

औद्योगिक इकाई का तर्क है कि यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि याचिकाकर्ताओं को कोई प्रत्यक्ष व्यक्तिगत क्षति नहीं हुई है इसलिए उनके पास न्यायालय में याचिका दायर करने के अधिकार (Locus standi) का अभाव है।

(क) उपर्युक्त मामले में दायर याचिका की प्रकृति बताइए। *1*

(ख) स्पष्ट कीजिए कि क्या औद्योगिक इकाई की तरफ़ से याचिका सुनवाई योग्य न होने (Locus standi) के संबंध में उठाई गई आपत्ति इस स्थिति में वैध है। *2*

35. सृजनात्मक कार्यों की अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा विभिन्न देशों में अलग-अलग समझौतों द्वारा धीरे-धीरे बढ़ी। दो महत्त्वपूर्ण सम्मेलनों ने वैश्विक स्तर पर कॉपीराइट संरक्षण की नींव रखी और यह सुनिश्चित करने में सहायता की कि लेखकों को अपने देश के बाहर भी पहचान और सुरक्षा मिले।

कॉपीराइट अधिनियम से पहले मौज़ूद कॉपीराइट संरक्षण से जुड़े दो अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों की व्याख्या कीजिए। *3*

36. नेहा को आय-वर्ग के अंतर्गत विधिक सहायता मिली। कार्यवाही के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण को पता चला कि उसने अपनी वास्तविक आर्थिक स्थिति छिपाई थी और प्राधिकरण को बताए बिना एक निजी अधिवक्ता भी रखा था। इसके अलावा उसने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त अधिवक्ता के साथ सहयोग करना बंद कर दिया।

(क) इस मामले में विधिक सहायता वापस ले लेने के किन्हीं दो वैध आधारों की पहचान कीजिए। *2*

(ख) स्पष्ट कीजिए कि क्या एक बार दी गई कानूनी सहायता, प्रकृति से निरपेक्ष होती है। कारण बताइए। *1*

34. A group of environmental activists filed a petition before the High Court stating that a large industrial unit is continuously discharging untreated chemical waste into a nearby river. The river is the primary source of drinking water for several villages. The petitioners are not personally affected residents, but are acting in the interest of the public to prevent environmental degradation and protect public health. They request the Court to order immediate closure of the unit until proper treatment facilities are installed.

The industrial unit argues that the petition is not maintainable as the petitioners have no direct personal injury and therefore lack locus standi.

(a) Identify the nature of the petition filed in the above case. *1*

(b) Explain whether the objection raised by the industrial unit regarding locus standi is valid in this situation. *2*

35. International protection of creative works developed gradually through various agreements between countries. Two important conventions laid the foundation for copyright protection at the global level and helped ensure that authors received recognition and protection beyond their own country.

Explain the two international conventions relating to copyright protection that existed before the Copyright Act. *3*

36. Neha obtained legal aid under the income category. During the proceedings, the Legal Services Authority discovered that she had concealed her actual financial status and had also engaged a private lawyer without informing the authority. Additionally, she stopped cooperating with the legal aid counsel assigned to her.

(a) Identify any two valid grounds on which legal aid may be withdrawn in this case. *2*

(b) State whether legal aid, once granted, is absolute in nature. Give reason. *1*

खण्ड – घ

37. कोई राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता देने के लिए एक योजना शुरू करती है और सार्वजनिक रोजगार में समान काम के लिए पुरुषों और महिलाओं को समान वेतन सुनिश्चित करती है। वह पोषण-स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नीतियाँ भी प्रस्तुत करती है।

एक नागरिक इन उपायों की प्रशंसा तो करता है, लेकिन न्यायालय जाकर यह माँग करता है कि ऐसी नीतियाँ सभी क्षेत्रों में कड़ाई से लागू करने और विस्तार देने का निर्देश दिया जाए और यह तर्क देता है कि सामाजिक न्याय के लिए यह आवश्यक है।

(क) इस मामले में संदर्भित संवैधानिक प्रावधानों की पहचान कीजिए। इन प्रावधानों की कोई भी तीन विशेषताएँ बताइए। *4*

(ख) क्या न्यायालय राज्य को इन नियमों को लागू करने के लिए बाध्य कर सकता है ? एक कारण बताइए। *1*

38. रोहित पर एक आवासीय परिसर में चोरी करने का आरोप लगा था। जाँच के दौरान, उसने स्वेच्छा से अपने घनिष्ठ मित्र को एक पत्र लिखा, जिसमें उसने बताया कि उसने गुस्से में आकर गुमा हुआ सामान ले लिया था। पत्र को बाद में बरामद कर लिया गया और साक्ष्य के तौर पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। रोहित का तर्क है कि इस पत्र का प्रयोग उसके विरुद्ध नहीं किया जा सकता क्योंकि इसे किसी न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट के सामने नहीं लिखा गया था।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) न्यायिक स्वीकारोक्ति का क्या अर्थ है ? *1*

(ख) कारण बताइए कि रोहित का बयान न्यायिक स्वीकारोक्ति क्यों नहीं है। *2*

(ग) बताइए कि क्या न्यायेतर स्वीकारोक्ति को न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। स्वीकार्यता की एक शर्त का उल्लेख कीजिए। *2*

SECTION – D

37. The government of a State launches a scheme providing free legal aid to economically weaker sections and ensures equal pay for equal work for men and women in public employment. It also introduces policies to improve nutrition levels and public health.

A citizen appreciates these measures but approaches the court seeking a direction to the State to strictly implement and expand such policies across all sectors, arguing that these are essential for achieving social justice.

(a) Identify the constitutional provisions being referred to in the case. State any three features of these provisions. *4*

(b) Can the court compel the State to implement these provisions ? Give a reason. *1*

38. Rohit was accused of theft in a residential complex. During the investigation, he voluntarily wrote a letter to his close friend stating that he had taken the missing items in a moment of anger. The letter was later recovered and produced before the court as evidence. Rohit argues that it cannot be used against him as it was not made before any judge or magistrate.

Answer the following questions :

(a) What is meant by a judicial confession ? *1*

(b) Give a reason why Rohit's statement is not a judicial confession. *2*

(c) State whether an extra-judicial confession can be used as evidence in court. Mention one condition for its admissibility. *2*

39. (क) निम्नलिखित स्थितियों को पढ़िए और तय कीजिए कि क्या हर स्थिति में अपकृत्य (tort) के अंतर्गत कार्रवाई संभव है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए : *5*

(i) एक कार्यालय-समारोह के दौरान, रिया ने मज़ाक में अपने सहकर्मी मेहुल को संगोष्ठी कक्ष में बंद कर दिया। दरवाज़ा बाहर से बंद था, और मेहुल बार-बार कोशिश करने और सहायता के लिए पुकारने पर भी लगभग एक घंटे तक बाहर नहीं निकल पाता।

(ii) गरमागरम बहस के बाद, अमन अचानक लकड़ी का एक डंडा उठाता है और गुस्से से सुरेश की ओर एक कदम बढ़ाता है। सुरेश को लगता है कि अमन उसे मारने वाला है और डर से वह पीछे हट जाता है, यद्यपि कोई शारीरिक संपर्क नहीं होता है।

(iii) नेहा, व्यक्तिगत शत्रुता के कारण सोशल मीडिया पर एक विस्तृत संदेश पोस्ट करती है जिसमें ग़लत लिखा था कि काव्या अपने कार्यस्थल पर वित्तीय धोखाधड़ी में संलग्न रही है। यह पोस्ट तेज़ी से फैल जाती है और काव्या अपनी पेशेवर विश्वसनीयता खो देती है।

(iv) राज, घर जाने के लिए छोटा रास्ता लेते समय बिना अनुमति मोहन के बाग में चला जाता है। बाग में घूमते हुए, वह अपने मित्र को देने के लिए एक पौधे से कई फूल तोड़ लेता है।

(v) एक प्राइवेट कंपनी नियुक्ति के लिए साक्षात्कार लेती है। एक उम्मीदवार को इसलिए नहीं चुना गया क्योंकि वह रोज़गार विज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताए गए न्यूनतम योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं करता।

अथवा

39. (a) Read the following situations and determine whether each gives rise to an action in tort. Give reasons for your answer. *5*

(i) During an office celebration, Riya jokingly locks her colleague Mehul in a conference room. The door is locked from outside, and Mehul is unable to leave for nearly an hour despite repeated attempts and calls for help.

(ii) Aman, after a heated argument, suddenly raises a wooden stick towards Suresh and moves a step forward in an aggressive manner. Suresh believes he is about to be hit and steps back in fear, although no physical contact occurs.

(iii) Neha, out of personal rivalry, posts a detailed message on social media falsely stating that Kavya has been involved in financial fraud at her workplace. The post spreads quickly and Kavya loses professional credibility.

(iv) Raj, taking a shortcut home, enters Mohan's garden without permission. While walking through the garden, he plucks several flowers from a plant to give to his friend.

(v) A private company conducts interviews for recruitment. One candidate is not selected because he does not meet the minimum qualification criteria, clearly mentioned in the job advertisement.

OR

(ख) निम्नलिखित स्थितियों को पढ़िए और प्रत्येक अनुबंध की प्रकृति पहचानिए अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए : *5*

(i) रमेश और सुरेश में सहमति हुई कि यदि भारत क्रिकेट मैच जीतता है, तो सुरेश उसे ₹ 5,000 देगा और यदि भारत हार जाता है, तो रमेश भी उतनी ही राशि देगा।

(ii) अनीता और एक कंपनी के बीच अनुबंध हुआ कि अनीता को भुगतान तभी होगा, जब सरकार प्रस्तावित पुल की संरचना को स्वीकृति देगी।

(iii) रोहित ने एक कंपनी के साथ एक समझौते पर तब हस्ताक्षर किए, जब उसे धमकी दी गई कि यदि उसने हस्ताक्षर नहीं किए तो उसका व्यापार लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

(iv) प्रिया ₹ 3,00,000 में अपनी कार नेहा को बेचने के लिए सहमत होती है। दोनों पक्ष स्वतंत्र रूप से सहमति देते हैं और सभी कानूनी आवश्यकताएँ पूरी होती हैं।

(v) वस्तुओं की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध किया गया है, लेकिन उसका निष्पादन असंभव हो जाता है क्योंकि सरकार उन वस्तुओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा देती है।

40. (क) "कानूनी शिक्षा का दायरा न्यायालय कक्ष से परे कई व्यावसायिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है।"

कानून स्नातकों के लिए उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की व्याख्या करते हुए इस कथन की जाँच कीजिए। *5*

अथवा

(ख) "बार काउंसिल ऑफ इंडिया न केवल कानूनी पेशे को विनियमित करने में, बल्कि भारत में कानूनी शिक्षा को आकार देने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।"

विधिक शिक्षा और विधिक पेशे से संबंधित इसके कार्यों के संदर्भ में इस कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। *5*

(b) Read the following situations and identify the nature of each contract. Give reasons for your answer. *5*

(i) Ramesh and Suresh agree that Suresh will pay ₹ 5,000 to Ramesh, if India wins a cricket match, and Ramesh will pay the same amount if India loses.

(ii) A contract is entered into between Anita and a company stating that Anita will receive payment only if the design of the proposed bridge is approved by the government.

(iii) Rohit signs an agreement with a shopkeeper after being threatened that his business licence will be cancelled if he does not sign.

(iv) Priya agrees to sell her car to Neha for ₹ 3,00,000. Both parties freely consent and all legal requirements are fulfilled.

(v) A contract is made for supplying goods, but its performance becomes impossible because the government bans the sale of those goods.

40. (a) "The scope of legal education extends beyond the courtroom into multiple professional domains." *5*

Examine this statement by explaining the different career avenues available to law graduates.

OR

(b) "The Bar Council of India plays a crucial role not only in regulating the legal profession, but also in shaping legal education in India."

Critically analyse this statement with reference to its functions relating to legal education and the legal profession. *5*